# बस एक अच्छे इंसान बनें

## Halma की आचार संहिता



Halma

# विषय

Halma का उद्देश्य और डीएनए 3

## बस एक अच्छे इंसान बनें: हमारी आचार संहिता 4

हमारे सीईओ का संदेश 5

आचार संहिता के प्रति प्रतिबद्धता 6

## हमारी जिम्मेदारियाँ 7

हम सही निर्णय लेते हैं 8

हम स्पष्ट रूप से बोलते हैं 9

## व्यापार में सत्यनिष्ठा 10

रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का विरोध 11

उपहार और मनोरंजन 12

राजनीतिक और धर्मार्थ गतिविधि और दान 13

हितों का टकराव 14

अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून 15

निष्पक्ष स्पर्धा करना 16

हमारे व्यावसायिक साझेदारों के साथ काम करना 17

## लोगों और पृथ्वी के प्रति सत्यनिष्ठा 18

पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी (स्थिरता) 19

स्वास्थ्य और सुरक्षा 20

मानवाधिकार और आधुनिक गुलामी 21

विविधता, समानता और समावेशन 22

डेटा नैतिकता 23

उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा 24

## वित्तीय ईमानदारी 25

हमारी संपत्ति की रक्षा करना 26

रिकॉर्ड और लेन-देन 27

अंदरूनी व्यापार 28

# Halma का उद्देश्य और डीएनए

## हर दिन हर किसी के लिए एक **ज़्यादा सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ** भविष्य विकसित करना हमारा उद्देश्य है।



अपने बाज़ारों को चुनने से लेकर सही प्रतिभा खोजने तक, हमारे द्वारा लिए जाने वाले हर व्यावसायिक निर्णय को हमारा उद्देश्य संचालित करता है। हमारी सभी कंपनियां हमारे उद्देश्य से जुड़ी हैं। वे ऐसी तकनीकीयों का विकास करते हैं जो दुनिया के कुछ सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने में मदद करती हैं: हवा की गुणवत्ता और स्वच्छ पानी से लेकर सड़क सुरक्षा और रोकी जा सकने वाली घटनाओं तक।

हमारे पास संगठनात्मक और सांस्कृतिक जीन का एक अनोखा समुच्चय है जो हमारे निरंतर विकास को बल देता है। हम इसे Halma का डीएनए कहते हैं। Halma का डीएनए हमारे व्यवसाय के सभी स्तरों में दौड़ता हैं। यह हमें स्पर्धात्मक लाभ और मूलभूत स्थिरता प्रदान करता है, और हमें बाज़ार की नई ज़रूरतों को लगातार अपनाने की क्षमता देता है। हम अपेक्षा करते हैं कि Halma और इसकी कंपनियों के सभी कर्मचारी हमेशा नैतिकता के साथ और Halma के उद्देश्य और डीएनए के अनुसार काम करेंगे।

हमारे पांच अद्वितीय सांस्कृतिक और व्यावहारिक सिद्धांत हैं जो हमारे संगठनात्मक जीनों को प्रभावी ढंग से अनुकूलित करने और हमारे उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक है और जिनका हम संरक्षण और उपयोग करते है। ये हैं:

- **उद्देश्य जियें:** दुनिया को ज़्यादा सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का जूनून रखें। वास्तविक समस्याओं को देखें और अभिनव समाधान निर्माण करें।
- **साहस को अंगीकार करें:** व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से लगातार बढ़ते और बदलते रहें। मान्यताओं को चुनौती दें और अवसर देखें। सभी दिशाओं से अनुभूति प्राप्त करें और विविध दृष्टिकोणों का लाभ उठाएं।
- **उद्यमी बनें:** व्यवसायी, जोखिम लेने वाले, दूरदर्शी बनें। साहसी महत्वाकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलें। निरंतर परिवर्तन का सामना करने के लिए चपल और अनुक्रियाशील बनें। दूसरों के माध्यम से और दूसरों के साथ सफल बनें।
- **हाँ कहें, और...**: परस्पर-विरोधी दिखने वाली प्राथमिकताओं को हाँ कहें। कल के लिए निर्माण करें और आज वितरित करें। स्थिरता रखें और लगातार उत्क्रांत हों। स्वायत्तता का आनंद लें और हमारे लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उत्सुकता से सहयोग करें।
- **बस एक अच्छे इंसान बनें:** जीतने के लिए खेलें, लेकिन दूसरों की क़ीमत पर नहीं। हर काम पूरी नैतिकता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के साथ करें।

# बस एक अच्छे इंसान बनें: हमारी आचार संहिता



# हमारे सीईओ का संदेश

Halma की आचार संहिता 'बस एक अच्छे इंसान बनें' में आपका स्वागत है।

Halma हर दिन हर किसी के लिए एक ज़्यादा सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य विकसित करने की कोशिश करता हैं और हमारा हर काम नैतिक तथा टिकाऊ रूप से संचालन करने की हमारी प्रतिबद्धता पर आधारित होता है। हमारी आचार संहिता का शीर्षक 'बस एक अच्छे इंसान बनें' है क्योंकि यह हमारे डीएनए का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और हमारी प्रतिबद्धता को सारांशित करता है: 'जीतने के लिए खेलें, लेकिन दूसरों की क़ीमत पर नहीं। हर काम पूरी नैतिकता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के साथ करें।' यह उन मानकों को निर्धारित करता है जिनके साथ हम अपना व्यवसाय संचालित करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे व्यावसायिक साझेदार इसी प्रकार के उच्च नैतिक मानकों के साथ काम करेंगे।

हम 'बस एक अच्छे इंसान बनें' को गंभीरता से लेते हैं। यह हमें अपने उद्देश्य को जीने और अपनी कार्यनीति को पूरा करने में सक्षम बनाता है। यह हममें से हर एक की सुरक्षा भी करता है। और हमें उन स्थितियों की पहचान करने और उनसे बचने में मदद करता है जो एक-दूसरे से हमारी अपेक्षाओं को पूरा नहीं करती हैं या उचित कानूनों का उल्लंघन कर सकती हैं। 'बस एक अच्छे इंसान बनें' उन मानकों को निर्धारित करता है जिनके आधार पर Halma, हमारी कंपनियों, हमारे कर्मचारियों और हमारे व्यावसायिक साझेदारों की गतिविधियों को नियंत्रित करने की हम उम्मीद करते हैं। यह हमें पहचानने में मार्गदर्शन करता है कि कब और कहाँ नैतिक समस्याएँ मौजूद हैं, उनसे कैसे बचा जाए और यदि उनसे बचा नहीं जा सकता है तो क्या करें।

Halma कभी किसी कर्मचारी को किसी लक्ष्य या व्यावसायिक परिणाम को प्राप्त करने के लिए नैतिक व्यवसाय और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से समझौता करने के लिए नहीं कहेगा या यह अपेक्षा नहीं करेगा।

व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से, 'बस अच्छे इंसान बनें' के लिए प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना यह हम सबकी जिम्मेदारी है। हम सभी Halma के भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केवल Halma के डीएनए के अनुरूप काम करके और यहां निर्धारित मानकों के अनुसार एक-दूसरे की जिम्मेदारी को समझके हम अपने उद्देश्य को पूरा कर सकेंगे और अपनी कार्यनीति को वितरित कर सकेंगे।

आपका,



**मार्क रोंचेटी (Marc Ronchetti)**
समूह के मुख्य कार्यकारी



**"हम हर काम नैतिकता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के साथ करते हैं।"**

# आचार संहिता के प्रति प्रतिबद्धता

कृपया हमारी आचार संहिता को पढ़ें और उसका पालन करें और Halma और आपकी कंपनी द्वारा दिये गए सभी अनिवार्य अनुपालन प्रशिक्षण को पूरा करें। यदि ये आपको किसी विशेष स्थिति से निपटने के तरीके के बारे में पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं देते हैं, तो अपने लाइन मैनेजर या उचित नीति में निर्दिष्ट किये गए व्यक्ति से संपर्क करें। यदि आप किसी कर्मचारी या व्यावसायिक साझेदार को अनैतिक व्यवहार करते या आचार संहिता के विपरीत कार्य करते देखते हैं, तो कृपया स्पष्ट रूप से बोलें। हम सुनेंगे।

Halma और दुनिया भर में हमारी कंपनियों के हर एक कर्मचारी के लिए आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है। गैर-अनुपालन एक बहुत ही गंभीर मामला है और इसके कई प्रकार के परिणाम हो सकते हैं। हमारी आचार संहिता का पालन करने में विफल रहने पर कंपनी और आप दोनों पर आपकी व्यक्तिगत क्षमता में मुकदमा चलाया जा सकता है और जुर्माना लगाया जा सकता है। उतना ही महत्त्वपूर्ण मुद्दा यह है कि इससे हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, साझेदारों और निवेशकों का हम पर विश्वास खो सकता है।



# हमारी जिम्मेदारियाँ



# हम सही निर्णय लेते हैं

Halma में, हम अपने व्यवसाय, अपने हितधारकों और पृथ्वी के लिए सर्वोत्तम और सबसे नैतिक निर्णय लेने का प्रयास करते हैं।

यदि आप कभी भी उलझन में हैं कि वह निर्णय क्या होना चाहिए, तो अपने आप से ये सवाल पूछें:

1. **क्या मुझे सभी तथ्य पता हैं?**
   सभी आवश्यक जानकारी एकत्रित करें - अगर कुछ छूट गया है, तो उसे मांग लें।

2. **इस फैसले का नतीजा क्या होगा?**
   सोचें कि इसका किस पर या इसका क्या सकारात्मक या नकारात्मक असर हो सकता है।

3. **क्या मैं व्यवसाय के सर्वोत्तम हित में निर्णय ले रहा/रही हूँ?**
   अपनी प्रेरणाओं पर विचार करें और सुनिश्चित करें की वे व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों या दबावों से प्रभावित नहीं हैं।

4. **क्या यह हमारी आचार संहिता और हमारे सांस्कृतिक डीएनए के अनुरूप है?**
   सुनिश्चित करें कि आप हमारी आचार संहिता और सांस्कृतिक डीएनए को समझते हैं।

5. **क्या यह कानूनी है? क्या Halma की नीतियों के तहत इसकी अनुमति है?**
   Halma की सभी आवश्यकताओं पर विचार करें।

यदि ऊपर दिए गए किसी भी सवाल के लिए आपका जवाब “नहीं” या “पता नहीं” हैं, **रुकें** और अपने लाइन मैनेजर से **चर्चा करें** या उस विषय के विशेषज्ञों से संपर्क करें।



# हम स्पष्ट रूप से बोलते हैं

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हम सत्यनिष्ठा से और सही काम करने में विश्वास रखते हैं। यदि हम किसी ऐसे आचरण के बारे में चिंतित हों जायें जो हमारी आचार संहिता, हमारी नीतियों या कानून का उल्लंघन कर सकता है तो उसके बारे में स्पष्ट रूप से बोलना हम सभी की जिम्मेदारी है।


हम उठाई गई सभी चिंताओं को सुनते हैं और उन्हें गंभीरता से लेते हैं। हम किसी भी रूप में बदला या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

यदि आप कोई चिंता व्यक्त करना चाहते हैं, तो हमारे पास विभिन्न रिपोर्टिंग चैनल हैं जिनका आप उपयोग कर सकते हैं। इनमें Halma व्हिसलब्लोइंग हॉटलाइन भी शामिल है, जो सप्ताह के हर दिन, किसी भी समय उपलब्ध है।

स्थानीय कानून के अनुसार सभी चिंताओं की जाँच की जाएगी।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- ऐसे किसी भी आचरण के बारे में स्पष्ट रूप से बोलें और रिपोर्ट करें जो आपको लगता है कि हमारी आचार संहिता, नीतियों या कानून का उल्लंघन करता है या अन्यथा अनैतिक है;
- नेक नीयत से कृति करें - ईमानदार और सही जानकारी प्रदान करें और जानबूझकर झूठी रिपोर्ट न करें;
- किसी भी जाँच या समीक्षा में पूरा सहयोग करें। अनुरोध की गई सभी जानकारी प्रदान करें और सुनिश्चित करें कि आपके उत्तर सत्य हैं और किसी भी रूप में गुमराह करने वाले नहीं हैं; और
- यदि आप किसी चिंता की जाँच करने की भूमिका में है, तो इसे Halma की जाँच नीति के अनुसार संवेदनशील और विस्तृत तरीके से करें।



# व्यापार में सत्यनिष्ठा

“हम हर काम नैतिकता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के साथ करने का प्रयास करते हैं”



# रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का विरोध

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

Halma में हम हर काम नैतिकता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के साथ करते हैं। हमारी सफलता हमारे उद्देश्य और हमारे डीएनए से प्रेरित है। हमारी कंपनियां हमारे उद्देश्य को जीती हैं। हमारा डीएनए किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी और भ्रष्ट आचरण को स्थान नहीं देता है और हम ऐसी गतिविधि को अनैतिक और अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन के विपरीत मानते हैं।

हम हर समय पर्याप्त रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनके माध्यम से रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन हो। हम अपने सभी कर्मचारियों और हमारा प्रतिनिधित्व करने वाले या जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं, उन तृतीय पक्षों से समान व्यवहार की अपेक्षा करते हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- सरलीकरण भुगतान सहित रिश्वत, किकबैक या किसी अन्य प्रकार के अनुचित भुगतान को कभी स्वीकार, अनुरोध, प्रस्ताव या अदा न करें (जब तक कि जीवन और सुरक्षा के लिए तत्काल खतरा न हो);
- रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार जोखिम कारकों से अवगत रहें (दाईं ओर दिया गया बॉक्स देखें);
- सटीक लेखा और रिकॉर्ड रखें ताकि भुगतानों का ईमानदारी से वर्णन किया जा सके और अनजाने में गैरकानूनी उद्देश्यों के लिए उपयोग न किया जा सके; और
- अपने स्थानीय रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों और विनियमों और Halma की रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति का पालन करें।

**रिश्वत क्या है?**

रिश्वत एक वित्तीय या गैर-वित्तीय लाभ है, जिसका किसी व्यक्ति को प्रासंगिक कार्य या गतिविधि को गलत तरीके से करने के लिए प्रेरित करने या पुरस्कृत करने के लिए वादा किया जाता है, अनुरोध किया जाता है या जो इस कारण दिया जाता है। रिश्वत में धन, उपहार, आतिथ्य, खर्चे, पारस्परिक तरफ़दारी, राजनीतिक या धर्मार्थ योगदान शामिल हो सकते हैं। यह कुछ भी मूल्यवान हो सकता है, केवल पैसा नहीं।

**सरलीकरण भुगतान क्या है?**

एक नियमित सरकारी कार्रवाई के अमल में तेजी लाने या अमल की गारंटी देने के लिए एक सार्वजनिक अधिकारी को किया गया भुगतान (नकद या कुछ मूल्यवान, जिसे अक्सर "ग्रीस पेमेंट" कहा जाता है)।

**ध्यान रखने योग्य बातें:**

- **पहचान की जाँच** – आपका ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या साझेदार अपनी कानूनी स्थिति को सत्यापित करने के लिए दस्तावेज़ प्रदान करने में अनिच्छुक है या असामान्य या असंगत जानकारी प्रदान करता है।
- **जोखिम वाला देश** – रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के नजरिए से भारी जोखिम वाले देश में व्यापार करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें।
- **लेन-देन की संरचना** – यदि आप किसी तीसरे पक्ष जैसे वितरक या पुनर्विक्रेता के माध्यम से बिक्री कर रहे हैं, तो अंतिम ग्राहक के बारे में जानकारी लेने के लिए उत्सुक रहें।
- **राज्य के स्वामित्व वाली संस्थाएँ** – सरकारी अधिकारी और संस्थाएँ रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नजरिए से अधिक प्रतिबंधों के अधीन हैं।
- **ख्याति** – यदि आपके व्यावसायिक संपर्क के बारे में पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी या संदेह है, तो इसे खतरे की निशानी समझें।
- **बर्ताव** – आंतरिक रूप से रिपोर्ट करें यदि आपका व्यावसायिक संपर्क दलाली या शुल्क भुगतान की माँग करता है जैसे की किसी समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले या सीमा शुल्क विभाग के माध्यम से माल ले जाना 'सुकर' करने के लिए।

# उपहार और मनोरंजन

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

Halma और इसकी कंपनियां उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य स्वीकार या प्रदान नहीं करती हैं यदि इरादा किसी निर्णय को प्रभावित करने या व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने या गोपनीय जानकारी प्राप्त करने का है।

उपहार और आतिथ्य व्यवसाय संबंध बनाने का एक सकारात्मक तरीका है। इनका उपयोग प्राप्तकर्ता को प्रभावित करने या पुरस्कृत करने के साधन के रूप में किया जा रहा है, चाहे आप ये उन्हें दे रहे हों या ले रहे हों, ऐसी धारणा से हमें बचना है।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- कभी भी कोई उपहार, आतिथ्य, तरफ़दारी या विशेष व्यवहार की माँग न करें;
- कभी भी उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य को प्रस्ताव, अदा या प्राप्त न करें जिसे किसी निर्णय को प्रभावित करने के तरीके के रूप में देखा जा सकता है;
- निविदा या संविदात्मक बातचीत के दौरान कभी भी कोई उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य अदा या प्राप्त न करें;
- नकद या अन्य मौद्रिक रूपों में कभी उपहार न दें या लें;
- किसी सरकारी अधिकारी को कभी भी कोई उपहार, लाभ या मनोरंजन न दें;
- Halma की रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति का पालन करें; और
- सुनिश्चित करें कि सभी उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य उचित रूप से अधिकृत हैं और उपहार, मनोरंजन, आतिथ्य और धर्मार्थ दान रजिस्टर में दर्ज हैं।

## मुख्य सवाल

कोई उपहार या आतिथ्य देने और/या लेने से पहले, अपने आप से ये चार सवाल पूछें:

- क्या इसे प्राप्तकर्ता के व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने के रूप में देखा जाएगा?
- क्या इसके मूल्य या स्वरूप के कारण मैं इसे देने या स्वीकार करने में असहज महसूस करता/करती हूँ?
- क्या यह Halma की रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति और आचार संहिता के अनुसार निषिद्ध है?
- क्या यह स्थानीय कानूनों या प्राप्तकर्ता की आचार संहिता के अनुसार निषिद्ध है?

यदि इनमें से किसी भी सवाल का जवाब **हाँ** है, तो आपको उपहार और/या आतिथ्य नहीं देना और/या लेना चाहिए।



# राजनीतिक और धर्मार्थ गतिविधि और दान

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

जीवन रक्षक तकनीकी कंपनियों के एक समूह के रूप में, हम मानवाधिकारों के प्रति गहरा सम्मान रखते हैं और हर दिन हर किसी के लिए एक ज़्यादा सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य विकसित करने के लिए हम हर एक प्रयास कर रहे हैं। इसलिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार हमारी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले धर्मार्थ दान का हम समर्थन करते हैं।

Halma एक गैर-राजनीतिक संगठन है, और हम किसी विशिष्ट राजनीतिक दल का समर्थन या गठबंधन नहीं करते हैं। इसलिए हमारी कंपनियों को किसी भी प्रकार का राजनीतिक भुगतान करने की अनुमति नहीं है। हालांकि, हमारी कंपनियां, लागू कानून के अनुसार, समूह के सीईओ की अनुमति प्राप्त करने वाली वास्तविक स्वतंत्र पैरवी कंपनियों का उपयोग करके प्रासंगिक मुद्दों पर समूह के विचारों और चिंताओं को खुले तौर पर नीति निर्माताओं को बता सकती हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- सुनिश्चित करें कि कोई भी धर्मार्थ दान Halma की रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति के अनुसार किया जाता है;
- किसी Halma कंपनी द्वारा या उसकी ओर से कभी भी किसी भी प्रकार का राजनीतिक भुगतान न करें या ऐसा करने के लिए अपनी कंपनी की किसी संपत्ति का उपयोग न करें;
- आप जिस किसी के साथ भी काम करते हैं उस पर विशेष राजनीतिक गतिविधियों में योगदान देने या उनका समर्थन करने के लिए दबाव न डालें; और
- किसी भी पैरवी गतिविधियों में शामिल होने से पहले सुनिश्चित करें कि यह पैरवी संगठन Halma की रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है।

**क्या मैं किसी कंपनी को धर्मार्थ दान कर सकता/सकती हूँ?**

यदि आपको संदेह है कि धर्मार्थ दान करना उचित है या नहीं, तो अपने आप से ये छह सवाल पूछें:

- क्या मुझे विश्वास है कि यह एक वैध दान है?
- क्या इस दान का उद्देश्य कुछ विशिष्ट व्यक्तियों के बजाय जनसंख्या के एक विस्तृत वर्ग को लाभ पहुँचाता है?
- क्या यह दान किसी भी व्यावसायिक संबंध से स्वतंत्र है?
- क्या स्थानीय कानून इस दान को अनुमति देता है?
- क्या इस दान का मूल्य Halma की रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी नीति में निर्धारित की गई अनुशंसित वित्तीय सीमा के भीतर है?
- क्या मेरे पास आवश्यक पूर्व-अनुमतियां हैं?

यदि इनमें से किसी भी सवाल का जवाब **नहीं** है, तो आपको यह दान नहीं देना चाहिए।

**राजनीतिक भुगतान क्या है?**

किसी राजनीतिक कार्य का समर्थन करने के हेतु से नकद या वस्तु के रूप में योगदान। उदाहरण के लिए, इसमें शामिल हो सकते हैं उधार, किसी धर्मार्थ संस्था को भुगतान जो किसी विशिष्ट राजनीतिक दल को निधि प्रदान करता है, किसी विशिष्ट राजनीतिक दल के लिए अनुदान संचय कार्यक्रम के टिकट की लागत खर्च करना या राजनीतिक दलों या व्यक्तियों को रियायती दर पर सेवाएं प्रदान करना।

# हितों का टकराव

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

Halma में हम समूह के उद्देश्य को पूरा करने पर हमारा ध्यान केंद्रित हैं और हमेशा समूह और हमारे हितधारकों के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देते हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी व्यावसायिक निर्णय हमारे व्यवसाय के सर्वोत्तम हित में लिए जाते हैं, हम अपने लोगों से अपेक्षा करते हैं की वे ऐसे सभी व्यक्तिगत हितों के साथ टकराव से बचें जो निष्पक्ष, उद्देश्यपूर्ण व्यावसायिक निर्णय लेने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

विश्वास हमारे सभी व्यावसायिक संबंधों का अंगभूत भाग है।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- जब आप किसी हितों के टकराव को देखें तो उसे जानें और उससे बचने का प्रयास करें;
- यदि हितों का टकराव बिल्कुल अपरिहार्य है, तो सुनिश्चित करें कि इसका खुलासा किया जाता है और इसे Halma की हितों के टकराव की नीति के अनुसार प्रबंधित किया जाता है;
- जिस संगठन में आप काम करते हैं, उसके अंदर और बाहर, अपने सभी व्यावसायिक संबंधों में सत्यनिष्ठा के उच्चतम संभावित मानक को बनाए रखें;
- कभी भी अपने अधिकार या पद का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए न करें; और
- ऐसी स्थिति में होने, या होने का आभास देने से बचें, जिसके परिणामस्वरूप किसी Halma कंपनी की प्रतिष्ठा और/या हितों को वास्तविक या कथित नुकसान हो सकता है।

**संभावित हितों के टकराव की स्थितियों के उदाहरण:**

- किसी करीबी दोस्त या परिवार के सदस्य की भर्ती, प्रबंधन या मूल्यांकन।
- Halma के बाहर, किसी प्रतियोगी के लिए, कोई अतिरिक्त भूमिका निभाना।
- किसी Halma कंपनी और किसी अन्य व्यवसाय से जुड़ी किसी भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेना जो किसी मित्र या करीबी परिवार के सदस्य को रोजगार देता है। उदाहरणार्थ किसी प्रमुख आपूर्ति अनुबंध के लिए निविदा।

## मुख्य सवाल

यदि मैं इस बारे में अनिश्चित हूं कि क्या मेरा व्यक्तिगत हित Halma के हित के साथ संघर्ष करता है? अपने आप से ये महत्वपूर्ण सवाल पूछें:

- क्या यह स्थिति मुझे संभावित व्यक्तिगत लाभ की स्थिति में ला सकता है?
- क्या इस व्यक्तिगत संबंध/स्थिति को मेरे व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने के रूप में देखा जा सकता है?
- क्या इससे मेरे परिवार या दोस्तों को अनुचित लाभ मिल सकता है?
- क्या यह निर्णय लेते समय मुझे Halma और कुछ या किसी और के बीच चुनना होगा?
- क्या मेरे सहकर्मीयों के सामने इस संबंध का खुलासा करने से मुझे शर्मिंदगी होगी?

यदि इनमें से किसी भी सवाल का जवाब **हाँ** है, तो आपको सबसे पहले अपने लाइन मैनेजर के साथ इस स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

एक वैश्विक व्यवसाय के रूप में, हम उन सभी न्याय सीमाओं में जहां हम काम करते हैं, अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों का (काले धन को वैध बनाने विरोधी कानूनों, आर्थिक प्रतिबंधों, आयात और निर्यात कानूनों और नियंत्रणों और बहिष्कार विरोधी कानूनों सहित) पूरी तरह से पालन करने में विश्वास करते हैं। जहां हमारे लिए ऐसा करना सही है, हम वैश्विक व्यापार कानूनों को भी ध्यान में रखकर निर्णय ले सकते हैं, भले ही ये प्रत्यक्ष रूप से हम पर लागू न हों।

Halma और इसकी कंपनियां सभी वस्तुओं, सेवाओं, सूचना और तकनीकीयों के वैध निर्यात का समर्थन करने में सहायता के लिए उचित नियंत्रणों, नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- सभी लागू व्यापार कानूनों को जानें और उनका पालन करें;
- जानें कि किन देशों में या देशों के साथ Halma और इसकी कंपनियों को काम करने की अनुमति है;
- जानें कि आप क्या आयात या निर्यात कर रहे हैं और सुनिश्चित करें कि आपके पास सभी आवश्यक लाइसेंस और अनुमोदन हैं;
- सिर्फ अनुमोदित भुगतान विधियों के माध्यम से ही वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान करें और प्राप्त करें। किसी भी खतरे की निशानी को रिपोर्ट करें (जैसे कि असामान्य तृतीय पक्ष अनुरोध)। यदि संदेह हो, तो Halma की एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद विरोधी नीति देखें;
- हर समय, Halma के व्यापार अनुपालन प्रोटोकॉल और कंपनी की आंतरिक व्यापार अनुपालन नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें; और
- यदि अंतरराष्ट्रिय व्यापार कानून के बारे में आपके कोई सवाल हैं, तो अपने क्षेत्र के डेप्युटी जनरल कौन्सेल या Halma के रिस्क एंड कंप्लायंस डायरेक्टर से संपर्क करें।

## मुख्य सवाल

अपने आप से ये चार महत्वपूर्ण सवाल पूछें:

- **क्या?** तय करें कि लेन-देन में शामिल वस्तु(ओं) को निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता है या नहीं।
- **कहाँ?** संबंधित देश में बिक्री और निर्यात की अनुमति है या नहीं इसकी पुष्टि करने के लिए Halma का व्यापार अनुपालन प्रोटोकॉल देखें।
- **कौन?** प्रासंगिक व्यवस्था में प्रवेश करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपने तीसरे पक्ष का ड्यू डिलिजेंस किया है, जिसमें प्रतिबंध की जाँच भी शामिल है।
- **क्यों?** जाँच करें कि क्या यह उत्पाद सैन्य के उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है या सैन्य के लिए अंतिम उपयोग संबंधी मामलों से जुड़ा हो सकता है। यदि ऐसा हो सकता है, तो इस लेन-देन को रोक दें और अपने क्षेत्र के डेप्युटी जनरल कौन्सेल को इसकी सूचना दें।

आगे के मार्गदर्शन के लिए प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण निर्णय प्रक्रिया का संदर्भ लें।



# निष्पक्ष स्पर्धा करना

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

Halma और इसकी कंपनियां निष्पक्ष स्पर्धा में विश्वास करती हैं और सभी लागू प्रतिस्पर्धा कानूनों का पूरी तरह से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

Halma और इसकी कंपनियां ऐसे पर्याप्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे कर्मचारी हर समय प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करते रहें।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- जानें कि वास्तविक या संभावित प्रतिस्पर्धी कौन है;
- कीमतें तय करने, बोलियों में हेराफेरी करने, ग्राहकों या बाजारों को निर्धारित करने, आपूर्ति को सीमित करने या अन्यथा व्यापार को रोकने या दूसरों को स्पर्धा करने से रोकने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी प्रकार की व्यवस्था पर चर्चा न करें या ऐसी किसी व्यवस्था को सहमति न दें;
- प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी, विशेष रूप से मूल्य निर्धारण की जानकारी, का आदान-प्रदान न करें;
- ऐसी किसी भी बैठक या चर्चा को छोड़ दें, जहां आपको लगता है कि प्रतिस्पर्धा-रोधी चर्चा हो रही है, और अपने मैनेजिंग डायरेक्टर को सूचित करें;
- यदि कोई प्रतिस्पर्धा प्राधिकारी आपकी कंपनी में आता/आती है तो अपने देश के लिए निर्धारित डॉन रेड लिस्ट (Dawn Raid List) में से किसी एक वकील को कॉल करें; और
- Halma की प्रतिस्पर्धा निति का पालन करें।

**व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी क्या है?**

कीमतों, बिक्री की मात्रा, ग्राहकों, क्षेत्रों, चल रही बोलियों, बिक्री के नियमों और शर्तों, उत्पाद विकास या डिज़ाइन, लागत या प्रोजैक्ट मार्जिन के बारे में जानकारी या कोई अन्य मूल्य के बारे में संवेदनशील जानकारी। यह जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति को जाहिर नहीं की जानी चाहिए जिसे आप प्रतिस्पर्धी मानते हैं।

**यदि Halma के प्रतिस्पर्धियों में से एक का बिक्री प्रतिनिधि निम्नलिखित प्रस्ताव के साथ आपसे संपर्क करे:**
**"यदि आप ग्राहक X को हमारे पास छोड़ते हैं, तो हम ग्राहक Y को आपके पास छोड़ देंगे।"**

आपको इसके लिए **ना** कहना चाहिए, क्योंकि यह प्रस्ताव मार्केट शेयरिंग का एक अवैध प्रयास है। आपको अपने मैनेजिंग डायरेक्टर को भी इस बातचीत की रिपोर्ट करनी चाहिए।

**यदि आप किसी व्यापार संघ की बैठक में हैं, और आपका एक प्रतिस्पर्धी नए उत्पाद विनियमों की शुरूआत से संबंधित संभावित मूल्य वृद्धि पर चर्चा करना शुरू कर देता है?**

ऐसे विषय से संबंधित चर्चाओं को गैरकानूनी माना जाएगा क्योंकि वे व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी का गठन करती हैं। आपको इस मामले पर चर्चा करने से मना कर देना चाहिए, इस बातचीत को छोड़ देना चाहिए और अपने मैनेजिंग डायरेक्टर को इस घटना की रिपोर्ट करनी चाहिए।

# हमारे व्यावसायिक साझेदारों के साथ काम करना

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हम किसके साथ काम करते हैं इस बात से हम सतर्क हैं। हम केवल उन व्यावसायिक साझेदारों के साथ काम करना चाहते हैं जो हमारी तरह नैतिकता और सत्यनिष्ठा के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हम सभी तृतीय पक्षों के बारे में ड्यू डिलिजेंस जाँच पूरी करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम जानते हैं कि वे कौन हैं और हमने प्रमुख जोखिम कारकों को निर्धारित किया है।

हम अपने सभी व्यावसायिक साझेदारों से अपेक्षा करते हैं कि वे Halma के समान मूल्यों को साझा करें, लगातार Halma की आचार संहिता के अनुसार कार्य करें और उचित स्थिति में नकारात्मक पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को कम करें। हमारी कंपनियों के अपने व्यावसायिक साझेदारों के साथ के रिश्तों को हम अहमियत देते हैं और हम उनके साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं जैसे व्यवहार हम अपने लिए अपेक्षा करते हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- तृतीय पक्षों के साथ किसी भी प्रकार की व्यवस्था करने से पहले उनके बारे में ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया पूरी करें;
- व्यावसायिक साझेदारों के प्रति Halma की अपेक्षाओं का स्पष्ट रूप से खुलासा करें;
- यदि आपके ध्यान में आता है या यदि आप संदेह करते हैं कि कोई व्यावसायिक साझेदार Halma की आचार संहिता, लागू कानूनों या उनके संविदात्मक दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है तो स्पष्ट रूप से बोलें;
- अपने सभी व्यावसायिक साझेदारों के साथ उचित और सम्मानपूर्वक व्यवहार करें; और
- तृतीय पक्षों के बारे में ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया पूरी करते समय Halma की थर्ड पार्टी ड्यू डिलिजेंस गाइडेंस दस्तावेज़ का सन्दर्भ लें।

**हमारे व्यावसायिक साझेदार कौन हैं?**

हमारे व्यावसायिक साझेदार वे हैं जिनके साथ हम व्यवसाय में जुड़े हैं; इनमें आपूर्तिकर्ता, विक्रेता, ठेकेदार, सलाहकार, प्रतिनिधि, एजेंट, मध्यस्थ, वितरक और ग्राहक शामिल हैं।

**तीसरे पक्ष के ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया के दौरान जाँच करने के लिए मुख्य पहलू:**

- **पहचान की जाँच** – क्या यह पार्टी सच में वह है जो यह कहती है?
- **स्थान** – क्या यह पार्टी प्रतिबंध, भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी निधिकरण और कर चोरी के दृष्टिकोण से एक उच्च जोखिम वाले देश में स्थित है?
- **लेन-देन संरचना** – क्या यह पार्टी उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में काम कर रही है, उदाहरणार्थ सैन्य और हथियार या धन हस्तांतरण और विनिमय? क्या यह पार्टी किसी तीसरे पक्ष के मध्यस्थ से बिक्री कर रही है, जैसे वितरक या पुनर्विक्रेता?
- **प्रतिबंध** – क्या यह पार्टी खुद प्रतिबंधित है या किसी प्रतिबंधित पार्टी से जुडी हुई है?
- **सरकारी संबंध** – क्या यह पार्टी एक राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण व्यक्ति या राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी है?
- **प्रतिष्ठा** – क्या इस पार्टी की अच्छी प्रतिष्ठा है? क्या यह पार्टी पहले आपराधिकता में शामिल रही है?
- **बर्ताव** – क्या इस पार्टी में व्यवहारिक रूप से खतरे की निशानियाँ दिख रही हैं?
- **आईटी/साइबर सुरक्षा** – क्या डेटा उल्लंघन के जोखिम को कम करने के लिए इस पार्टी के पास नियंत्रण है?
- **पर्यावरणीय और सामाजिक** – उचित स्थिति में क्या यह पार्टी नकारात्मक पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव को कम करने का प्रयास करती है?

# लोगों और
# पृथ्वी के प्रति सत्यनिष्ठा

"हर दिन हर किसी के लिए एक ज़्यादा सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य विकसित करना हमारा उद्देश्य है।"



# पर्यावरण और सस्टेनेबिलिटी (स्थिरता)

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हर दिन हर किसी के लिए एक ज़्यादा सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य विकसित करने का Halma का उद्देश्य एक व्यवसाय के रूप में हमारे अस्तित्व और सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारे दृष्टिकोण की नींव है। यह हमें हमारी कंपनियों की तकनीकीयों के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा करके और लोगों के जीवन में सुधार लाकर हमारे सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है, जबकि हम अपने पर्यावरणीय फुटप्रिंट को कम करने के लिए अपना काम जारी रखते हैं।

हमारी कंपनियां हमारे सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं और इन्होंने उन लक्ष्यों को पूरा करने में हमारी मदद करने के लिए अपनी स्वयं की सस्टेनेबिलिटी योजनाएं और लक्ष्य विकसित किए हैं। हम अपनी कंपनियों को प्रोत्साहित करते हैं की वे कार्यक्षमता में सुधार करें, कचरे और उत्सर्जन को कम करें, जिम्मेदार, मज़बूत और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाऐं और अनिवार्य पर्यावरणीय और नियामक आवश्यकताओं से परे जाने का प्रयास करें।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- Halma और आपकी कंपनी के सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों से अवगत रहें और Halma और आपकी कंपनी को उन तक पहुंचने में मदद करने में अपनी भूमिका निभाएं;
- आपकी भूमिका पर लागू होने वाली सभी पर्यावरण नीतियों को समझें और उनका पालन करें; और अनिवार्य आवश्यकताओं को पार करने का प्रयास करें; और
- लागू पर्यावरण नीतियों के वास्तविक या संदिग्ध उल्लंघन और किसी भी पर्यावरणीय घटना की रिपोर्ट करें।

**सस्टेनेबिलिटी के लिए Halma का दृष्टिकोण क्या है?**

हमारी विकास कार्यनीति सस्टेनेबिलिटी पर आधारित है। हमारे उद्देश्य और संगठनात्मक मॉडल से प्रेरित, हम ऐसे व्यवसायों का अधिग्रहण और विकास करते हैं जिनके पास सस्टेनेबिलिटी के अवसर हैं – लोगों का समर्थन करके और हमारी कंपनियों की तकनीकीयों के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा करके सकारात्मक प्रभाव देने के लिए।

हम अपनी कंपनियों को प्रोत्साहित करते हैं की वे सस्टेनेबिलिटी से संबंधित विकास के अवसरों को संबोधित करें, अपने ग्राहकों की सस्टेनेबिलिटी से संबंधित चुनौतियों को हल करने के लिए समाधान डिज़ाइन करें और जहां संभव हो वहां विकास के लीवर के रूप में डिजिटल का उपयोग करें।

हमारी कंपनियां टिकाऊ डिजाइन और कचरे में घटौती, उत्सर्जन में घटौती, और समावेशी और विविधतापूर्ण कार्यस्थल बनाने पर ध्यान केंद्रित करके अधिक टिकाऊ तरीके से संचालन और नवपरिवर्तन करने के लिए भी काम कर रही हैं।

सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारे दृष्टिकोण के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए देखें हमारी वेबसाइट www.halma.com/sustainability या Halma Home।



# स्वास्थ्य और सुरक्षा

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हमारे लोगों का और जिन लोगों के साथ हम काम करते हैं, उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है।

Halma और इसकी कंपनियां सुरक्षित काम का माहौल प्रदान करने और उच्चतम स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

Halma के हर दिन, हर किसी के लिए एक ज़्यादा सुरक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य विकसित करने के उद्देश्य के अनुरूप, हमारी कंपनियां भी अपने उत्पादों के माध्यम से स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ाने में योगदान देती हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- आपकी भूमिका और आपकी कंपनी के लिए सभी प्रासंगिक लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा नीतियों और कानूनों का पालन करें;
- अपनी भूमिका के लिए आवश्यक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण को पूरा करें;
- सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखने में मदद करें - यदि आपको लगता है कि यह असुरक्षित है तो अपना या किसी अन्य का काम बंद कर दें;
- सुनिश्चित करें कि आपका कार्य किसी भी तरह से बिगड़ा हुआ नहीं है; इसमें दारु, ड्रग्स (पर्चे वाली या ओवर-द-काउंटर दवा समेत) या नींद की कमी शामिल है;
- व्यावसायिक साझेदारों को किसी भी लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों के बारे में सूचना दें; और
- समूह स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति और उचित कंपनी नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुरूप किसी भी दुर्घटना, चोट या अस्वास्थ्यकर स्थिति या किसी भी खतरे, धमकी या हिंसा की तुरंत रिपोर्ट करें।

**हमारी कंपनियों को अपने काम के माहौल में स्वास्थ्य और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को कैसे सुनिश्चित करना चाहिए? उन्हें यह करना चाहिए:**

- नियमित स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम आकलन करें;
- लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अनुसार उपयुक्त नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें;
- कार्यस्थल में सभी के लिए कल्याणकारी सुविधाएं और स्वस्थ और सुरक्षित काम का माहौल प्रदान करें;
- उचित स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण और निर्देश प्रदान करें;
- कंपनी की सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का नियमित ऑडिट करें; और
- सभी असुरक्षित स्थितियों, बाल-बाल बचने की घटनाएँ और दुर्घटनाओं की रिपोर्ट की जाए यह सुनिश्चित करने के लिए एक उपयुक्त प्रक्रिया लागू करें।

यह सुनिश्चित करना सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि वे अपनी कंपनी की स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति और समूह की स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति दोनों के बारे में पूरी तरह से अवगत हैं और उनका पालन करते हैं।



# मानवाधिकार और आधुनिक ग़ुलामी

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हम सभी के मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं (उनकी राष्ट्रीयता, लिंग, जातीय मूल, धर्म या किसी भी विशेषता या परिस्थिति की परवाह किए बिना) और मानवाधिकारों और आधुनिक गुलामी से संबंधित सभी लागू कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मानवाधिकारों के सार्वजनिक घोषणापत्र (Universal Declaration of Human Rights) के मूल सिद्धांतों का और मौलिक सिद्धांतों और काम पर अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संगठन के घोषणापत्र (ILO Declaration on Fundamental Principles and Rights at Work) का पालन करते हैं, जिसमें बेगारी, बाल मज़दूरी, गैर-भेदभाव, संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार से संबंधित सम्मेलन शामिल हैं।

हम अपने संचालन और अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक ग़ुलामी और मानव तस्करी को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हम उन लोगों को कभी बर्दाश्त नहीं करते हैं या उन लोगों से कभी जुड़ते नहीं हैं जो आधुनिक ग़ुलामी, मानव तस्करी और श्रम और मानवाधिकारों के अन्य दुरुपयोग को सक्षम करते हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- अपनी भूमिका के लिए आवश्यक आधुनिक ग़ुलामी और मानवाधिकार संबंधित प्रशिक्षण को पूरा करें;
- अपनी भूमिका के लिए सभी प्रासंगिक लागू मानवाधिकारों और आधुनिक ग़ुलामी संबंधित कानूनों का पालन करें;
- सभी के साथ सम्मान और निष्पक्षता से व्यवहार करें और सुनिश्चित करें कि आपके कार्य दूसरों के मानवाधिकारों को हानि नहीं पहुंचाते हैं;
- Halma की आधुनिक ग़ुलामी नीति और Halma की मानवाधिकार और श्रम की स्थिति की नीति के अनुसार हमारे संचालन में या हमारे व्यावसायिक साझेदारों के संचालन में किसी भी संदिग्ध मानवाधिकार उल्लंघन की रिपोर्ट करें;
- बिक्री और वितरण नियम और शर्तों में विशिष्ट ग़ुलामी विरोधी अनुच्छेद शामिल करें;
- आप जिस तीसरे पक्ष के साथ जुड़ने का विचार कर रहे हैं, उस के लिए उचित मानवाधिकारों और आधुनिक ग़ुलामी के बारे में ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया पूरी करें; और
- Halma की आधुनिक ग़ुलामी नीति, संघर्ष खनिज नीति और Halma की मानवाधिकार और श्रम की स्थिति की नीति का पालन करें।

**संभावित मानव अधिकारों के उल्लंघन और आधुनिक ग़ुलामी के लिए चेतावनी के संकेत और जोखिम कारक कौनसे हैं?**

- **उम्र** – कामगार जो बहुत युवा दिखतें हैं।
- **बर्ताव** – कामगार जो उद्वेग या भय के लक्षण प्रदर्शित करते हैं।
- **स्वास्थ्य** – कामगार जो खराब स्वास्थ्य या आहार के लक्षण प्रदर्शित करते हैं।
- **क्षेत्र** – इलेक्ट्रानिक्स और खनन सहित कुछ क्षेत्र आधुनिक ग़ुलामी और मानव अधिकारों के उल्लंघन के अधिक खतरे में हैं।
- **स्थान** – कुछ देशों में आधुनिक ग़ुलामी और मानव अधिकारों के उल्लंघन का उच्चतर जोखिम है (अधिक जानकारी के लिए देखें www.globalslaveryindex.org)।
- **रहने की स्थिति** – कामगार जो साइट पर या नियोक्ता द्वारा प्रदान किए गए आवास में एक साथ रहते हैं; अक्सर खराब रहने की स्थिति में।
- **ओवर टाइम** – कामगार जो बेहद थके हुए प्रतीत होते हैं और कम या बिना किसी विराम के अनुचित घंटों के लिए काम कर रहे हैं।
- **भुगतान** – कामगार जिनको दरों, काम के घंटों आदि का विवरण देने वाली एक दस्तावेजी प्रणाली के बजाय नकद में भुगतान किया जाता है।
- **प्रतिबंधित संचार और सुरक्षा** – असामान्य सुरक्षा वाले कार्यस्थल जैसे कि खिड़की पर सलाखें या कांटेदार तार की बाड़ और/या कामगार जिनके पहचान दस्तावेज छीन लिए गए हैं और इसलिए वे कार्यस्थल छोड़ने में असमर्थ हैं।
- **उपठेका** – आपूर्ति श्रृंखला में सब जगह उपठेके पर काम करने वाले कामगारों को खराब नियमन और श्रमिक शोषण का अधिक जोखिम हो सकता है।

# विविधता, समानता और समावेशन

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हम विविधतापूर्ण, न्याय्य और समावेशी व्यवसायों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि सभी के साथ निष्पक्षता, सम्मान और गरिमा से व्यवहार किया जाना चाहिए, उन्हें काम पर आने में ख़ुशी महसूस करने का अधिकार होना चाहिए और बिना किसी डर या परिणाम के अपने पूर्ण और प्रामाणिक स्व को प्रकट करने के लिए समर्थन दिया जाना चाहिए।

Halma में, समावेशन विविध दृष्टिकोणों को जोड़ने और हमारे लोगों, साझेदारों और व्यवसायों की शक्ति को उजागर करने का काम करता है। हम किसी भी कारण से किसी भी प्रकार के अनुचित भेदभाव या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं, जो वंश, जातीयता, विकलांगता, लिंग, धर्म, उम्र या सेक्सुअल ओरिएंटेशन या लागू कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशेषता के आधार पर किया जा सकता है।

Halma ने एक विविधता, समानता और समावेशन कार्यनीति रूपरेखा को लागू किया है, जिसके माध्यम से Halma के सभी लोग अपने प्रयासों में तेजी ला सकें और विविध और समावेशी मानसिकता को बढ़ावा दे सकें। विशेषताओं या परिस्थितियों की परवाह किए बिना सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए हमारी कंपनियां इस रुपरेखा के अनुसार काम करती हैं। हम सभी लागू रोज़गार, श्रमिक और आप्रवासन कानूनों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने व्यावसायिक साझेदारों से भी ऐसा ही करने की अपेक्षा करते हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- सभी के साथ सम्मान और निष्पक्षता से व्यवहार करें और एक समावेशी और विविधतापूर्ण कार्यस्थल बनाने में मदद करें जो भेदभाव और उत्पीड़न से मुक्त हो;
- सांस्कृतिक अंतरों का सम्मान करें, विभिन्न दृष्टिकोणों से समझ प्राप्त करें और विविध दृष्टिकोणों का लाभ उठाएं;
- सभी लागू रोज़गार, श्रमिक और आप्रवासन कानूनों और Halma की विविधता और समावेशन नीति का पालन करें;
- अपनी भूमिका निभाएं और सहयोगी बनें; और
- अपने लाइन मैनेजर या टैलेंट पार्टनर को किसी भी डराने-धमकाने के, भेदभावपूर्ण या अनुचित व्यवहार की तुरंत रिपोर्ट करें।

**यदि मैंने अपने किसी सहकर्मी को उनके लाइन मैनेजर द्वारा धमकाया जाता देखा है? क्या मुझे कुछ बोलना चाहिए?**

**हाँ**। अपने टैलेंट पार्टनर को डराने-धमकाने से संबंधित किसी भी मामलें की रिपोर्ट करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ठीक समझते हैं, तो आपको यह जाँचने के लिए अपने सहकर्मी से भी बात करनी चाहिए कि वे ठीक हैं।

**क्या होगा यदि मेरे किसी टीम के सदस्यों ने मुझे एक अनुचित चुटकुला ईमेल किया जिससे मुझे असहज महसूस हुआ? क्या मुझे कुछ बोलना चाहिए?**

**हाँ**। अपने मैनेजर या टैलेंट पार्टनर को किसी भी अनुचित व्यवहार की रिपोर्ट करना महत्वपूर्ण है और यदि आप ठीक समझते हैं, तो अपने टीम के सदस्य को बताएं कि आपको इस ईमेल के बारे में क्या लगा।

**मैं फर्क लाने के लिए क्या कर सकता/सकती हूं?**

- हम सभी पक्षपाती हैं - क्योंकि हम सभी इंसान हैं। लेकिन बेसुध पूर्वाग्रह जो जैविक रूप से हमारे अंदर होता है और जागरूक पूर्वाग्रह जिसकी वजह से हम जानबूझकर दूसरों के साथ भेदभाव करते हैं, इन दोनों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। अपने पूर्वाग्रहों को उजागर करने के तरीके के बारे में और जानें।
- हमारा पूर्वाग्रह रोजमर्रा के सूक्ष्म संदेशों के माध्यम से प्रकट होता है, जो खुले पूर्वाग्रह से अधिक हानिकारक हो सकता है, इसलिए इसे पहचानना और रोकना हमारी जिम्मेदारी है। पता करें कि इससे निपटने के उपाय क्या हैं।
- हमारे सहकर्मियों के साथ दिन-प्रतिदिन होने वाली छोटी-छोटी बातचीत के माध्यम से समावेशन का निर्माण किया जा सकता है। ऐसा करने के कुछ तरीक़े जानें।

Halma में, हम अपने विविध समुदाय के योगदान का जश्न मनाते हैं और दिखाते हैं कि हम साल भर समावेशी व्यवसायों का निर्माण कैसे कर रहे हैं। विविधता के सांस्कृतिक और कार्य से जुड़े फायदों से हमें प्राप्त होने वाले सभी लाभों को जानें।

# डेटा नैतिकता

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हम व्यक्तियों की गोपनीयता का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि व्यक्तिगत डेटा (या व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी) रखना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी है।

Halma और इसकी कंपनियां केवल आवश्यक होने पर ही व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने और नैतिक तरीके से और सभी लागू डेटा गोपनीयता कानूनों के अनुसार इसका उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डिजिटल तकनीकीयों का विकास करते समय हम यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाते हैं कि डेटा का प्रयोग हमेशा नैतिक रूप से किया जाए।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ


- व्यक्तिगत डेटा का संकलन और उपयोग केवल कानूनी और नैतिक उद्देश्यों के लिए करें और इसके उपयोग के बारे में पारदर्शी रहें;
- आपके कब्जे में जो डेटा है उसे सुरक्षित रखें - इसे किसी वैध कारण के बिना किसी के साथ साझा न करें;
- लागू डेटा प्रतिधारण दिशानिर्देशों के अनुसार डेटा को मिटा दें जब भी इसकी आवश्यकता न हो;
- किसी भी डेटा उल्लंघन की रिपोर्ट जितनी जल्दी हो सके, उल्लंघन की खोज के कम से कम 24 घंटों के भीतर, अपने लाइन मैनेजर और Halma की डेटा सुरक्षा निति में नामित किसी अन्य संपर्क को करें; और
- सभी लागू डेटा गोपनीयता नियमों और Halma की डेटा सुरक्षा निति का पालन करें।

**व्यक्तिगत जानकारी क्या है?**

व्यक्तिगत डेटा का अर्थ है ऐसी कोई भी जानकारी जो किसी पहचान योग्य जीवित व्यक्ति से संबंधित हो। इसमें व्यक्ति का नाम, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण, कार्ड विवरण, वेतन और बहुत कुछ शामिल है। जानकारी का एक टुकड़ा, जो अकेले किसी व्यक्ति की पहचान नहीं करता है (जैसे वैवाहिक स्थिति), भी व्यक्तिगत डेटा हो सकता है यदि इसे उस व्यक्ति के बारे में अन्य जानकारी के साथ जोड़ा जा सकता है जिसके माध्यम से उनकी पहचान की जा सकती है। यह मान लेना सबसे सुरक्षित है कि व्यक्तियों से संबंधित सभी जानकारी व्यक्तिगत डेटा है।

**डेटा उल्लंघन क्या होता है?**

डेटा उल्लंघन तब होता है जब अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा चोरी, गुम और/या एक्सेस किया जाता है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि डेटा उल्लंघन केवल हैकिंग के कारण नहीं होते हैं। गलत व्यक्ति को व्यक्तिगत डेटा भेजने वाला ईमेल, कार्यालय में ऐसे कैबिनेट को खुला रखना जिसके अंदर व्यक्तिगत डेटा है या लैपटॉप को ट्रेन में छोड़ना डेटा उल्लंघन का कारण बन सकता है।



# उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हमारी कंपनियां अपने काम की गुणवत्ता पर गर्व करती हैं और उत्पाद जीवन चक्र के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के उच्चतम स्तर के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी कंपनियां जीवन रक्षक तकनीकियां बनाने वाली कंपनियों का एक समूह हैं जहाँ गुणवत्ता और सुरक्षा उनके संचालन और उद्देश्य दोनों की नींव हैं। Halma में हम सब यह समझते हैं की ग्राहकों को अपने उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता पर भरोसा महसूस करना ज़रूरी है।

हमारी कंपनियां उचित गुणवत्ता और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि गुणवत्ता नियंत्रण मानकों और उनके संचालन के लिए उचित स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों का पालन किया जा सके। जहां उचित हो, हम अपनी कंपनियों को प्रासंगिक आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से समझौता न करें और गुणवत्ता को उत्पाद जीवन चक्र के प्रत्येक चरण का मुख्य उद्देश्य बनाए रखें;
- सभी लागू आंतरिक और बाह्य उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण मानकों और स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों, और आंतरिक प्रक्रियाओं और कार्यपद्धतियों का पालन करें;
- प्रणालीयों और प्रक्रियाओं की समीक्षा और निगरानी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा को अधिकतम करें; और
- आपकी कंपनी की प्रक्रियाओं और Halma की नीतियों के अनुरूप किसी भी गुणवत्ता या सुरक्षा चिंताओं की तुरंत रिपोर्ट करें।

**Halma में उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा का प्रबंधन कैसे किया जाता है?**

हमारी कंपनियां विविध भौगोलिक क्षेत्रों और अंतिम बाजारों में विभिन्न उत्पाद प्रकारों का निर्माण और संयोजन करती हैं। इसलिए वे अपने व्यापार के विशेषज्ञ हैं और उचित उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता आवश्यकताओं का पालन करने, उचित मान्यताओं को प्राप्त करने और सभी आवश्यक उत्पाद प्रमाणपत्रों को प्राप्त करने की ज़िम्मेदारी लेते हैं।

**Halma की कंपनियों ने उच्च-गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने के लिए नियंत्रणों के स्वनिर्धारित समूहों को अपनाया है – इनमें निम्नलिखित नियंत्रण शामिल हो सकते हैं, लेकिन वे सिर्फ इन तक सीमित नहीं हैं::**

- उत्पाद विकास और परीक्षण प्रक्रियाएं।
- सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं के लिए स्पष्ट आवश्यकताएं।
- आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त किये गए उत्पादों की गुणवत्ता जाँच।
- दोषों और वारंटी रिटर्न का नियंत्रण।
- उत्पाद की ट्रेसबिलिटी।
- किसी भी नए अधिग्रहण के ड्यू डिलिजेंस के अंतर्गत, नियमों के साथ उत्पाद के अनुपालन की जाँच की जाती है।
- यह सुनिश्चित करना कि कर्मचारियों के पास उचित गुणवत्ता-संबंधी कुशलताएं हैं।

# वित्तीय ईमानदारी

“हम जीतने के लिए खेलते हैं, लेकिन दूसरों की क़ीमत पर नहीं।”



# हमारी संपत्ति की रक्षा करना

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हम अपने व्यवसाय के लिए अपनी संपत्तियों के महत्व को समझते हैं – वे हमारे अद्वितीय आधारभूत संरचना का हिस्सा हैं और हमारी कंपनियों को बढ़ने में मदद करते हैं। हम अपनी संपत्तियों की रक्षा करने और उन्हें किसी भी प्रकार की हानि, दुरुपयोग, धोखाधड़ी या नुकसान से बचाने का प्रयास करते हैं। हम धोखाधड़ी के प्रति शून्य-सहनशीलता का दृष्टिकोण रखते हैं।

हमारी संपत्ति मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की है। इनमें भौतिक संपत्ति, तकनीकी उपकरण, कार्यालय का सामान, वित्तीय जानकारी, बौद्धिक संपदा, पेटेंट, गोपनीय जानकारी, व्यापार रहस्य, दस्तावेज़, सूचना प्रणाली, उत्पाद डिज़ाइन और चित्र और किसी भी प्रकार का डेटा शामिल है।

Halma और इसकी कंपनियां अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए उचित नियंत्रण, नीतियों और प्रक्रियाओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इनके कब्जे में मौजूद तीसरे पक्ष की संपत्ति के लिए देखभाल के समान मानकों का पालन करती हैं।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- चोरी, साइबर हमलों और फ़िशिंग ईमेल जैसे घोटालों के प्रति सतर्क रहने सहित कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा करने और इन्हें बनाए रखने के लिए उचित रूप से कार्य करें;
- केवल आपकी कंपनी द्वारा अधिकृत किए गए सॉफ़्टवेयर और एप्लिकेशन का उपयोग करें;
- Halma या तीसरे पक्ष की जानकारी को बाहर साझा न करें जब तक यह पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में न हो;
- कभी भी किसी धोखाधड़ी की गतिविधि में शामिल न हों और न ही उसे बढ़ावा दें;
- Halma की साइबर सुरक्षा नीतियों और Halma की धोखाधड़ी नीतियों का पालन करें;
- Halma के आईटी उपकरण और सामग्री का उपयोग करते समय (स्वीकार्य उपयोग नीति सहित) सभी लागू Halma आईटी नीतियों का पालन करें; और
- हानि, दुरुपयोग, धोखाधड़ी या नुकसान की किसी भी घटना की इन नीतियों के अनुरूप रिपोर्ट करें।

**यदि किसी सहकर्मी ने मुझे एक नए गोपनीय प्रोजेक्ट पर चर्चा करने के लिए ट्रेन में यात्रा करते समय कॉल किया तो क्या करना चाहिए। क्या मैं कॉल ले सकता/सकती हूं?**

सार्वजनिक स्थानों पर जहाँ कोई आपको सुन सकता है, जैसे कि ट्रेन, रेस्तरां और होटल लॉबी, आपको कभी भी कंपनी की गोपनीय जानकारी पर चर्चा नहीं करनी चाहिए। यदि आप कॉल का उत्तर देते हैं तो आपको सुझाव देना चाहिए कि जब आप किसी के सुनने के डर के बिना बात कर सकते हैं तब आप अपने सहकर्मी को वापस कॉल करेंगे।

**यदि मैं महत्वाकांक्षी उत्पाद डिज़ाइनरों के लिए एक सम्मेलन में बोल रहा/रही हूं। क्या मैं कंपनी के प्रमुख उत्पादों में से एक के पीछे मौजूद मालिकाना बौद्धिक संपदा के माध्यम से बात कर सकता/सकती हूं?**

**नहीं।** कंपनी की बौद्धिक संपदा महत्वपूर्ण कार्य और निवेश पर आधारित हो सकती है और इसे केवल उन लोगों के साथ साझा किया जाना चाहिए जिन्हें इसे जानने की आवश्यकता है। बौद्धिक संपदा को सार्वजनिक रूप से साझा करने से उस पेटेंट की वैधता कम हो सकती है जिसे इस उत्पाद की सुरक्षा के लिए बनाया गया है।



# रिकॉर्ड और लेन-देन

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे सभी रिकॉर्ड और रिपोर्ट (किसी भी रूप में) सटीक और स्पष्ट हों। गलत रिकॉर्डिंग या गलत रिपोर्टिंग का कभी समर्थन नहीं किया जा सकता। हम अपने हितधारकों और जनता को सटीक और पारदर्शी खुलासे प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम किसी भी गैरकानूनी लेन-देन में शामिल नहीं होने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें कर चोरी को बढ़ावा देना या अवैध व्यवहार से प्राप्त संपत्ति का उपयोग करना या अपराध या आतंकवाद का समर्थन करना शामिल है। Halma और हमारी कंपनियों के पास नीतियां, प्रक्रियाएं और नियंत्रण हैं जिनके माध्यम से सटीक, पूर्ण और पारदर्शी रिपोर्टिंग और लागू मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद और कर चोरी कानूनों और विनियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- पूरी जानकारी को सही और सटीक ढंग से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करें;
- महत्वपूर्ण जानकारी छिपायें या छोड़ें नहीं;
- मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद और कर चोरी से संबंधित जोखिम कारकों से अवगत रहें;
- यह सुनिश्चित करें की वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए मजबूत आंतरिक नियंत्रण किया जाता है;
- सभी लेन-देन के लिए सहकारी दस्तावेज़ बनाए रखें; और
- Halma की धोखाधडी नीति, Halma की एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद विरोधी नीति, और Halma की टैक्स चोरी विरोधी नीति के अनुसार किसी भी अनियमितता या चिंताओं की तुरंत रिपोर्ट करें।

**यदि मेरा/मेरी लाइन मैनेजर मुझसे अधिक बिक्री दिखाने के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में कुछ समायोजन करने के लिए कहे?**

यह कंपनी के रिकॉर्ड की गलत रिकॉर्डिंग करने जैसा है और अवैध हो सकता है। आपको **ना** बोलना चाहिए और Halma की व्हिसलब्लोइंग नीति के अनुसार इस मामले की रिपोर्ट करनी चाहिए।

**यदि मुझे पता चलता है कि एक सहकर्मी हमारी कंपनी के स्वास्थ्य और सुरक्षा डेटा में हेरफेर कर रहा है? इस डेटा में उन दुर्घटनाओं के संबंध में आंकड़े शामिल नहीं हैं जिनके परिणामस्वरूप काम बंद हो जाता है।**

स्वास्थ्य और सुरक्षा डेटा महत्वपूर्ण गैर-वित्तीय जानकारी है जिसे सटीक तरीके से दर्ज़ किया जाना चाहिए। आपको Halma की व्हिसलब्लोइंग नीति के अनुसार इस मामले की रिपोर्ट करनी चाहिए।

**यदि मुझे लेन-देन के लेखांकन प्रक्रिया के बारे में यक़ीन नहीं है?**

गलत रिकॉर्डिंग या गलत रिपोर्टिंग को रोकने के लिए आपको अपने लाइन मैनेजर से और मार्गदर्शन लेना चाहिए या आंतरिक विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए।

**यदि कोई ग्राहक मेरी कंपनी को एक बड़ी रकम का भुगतान करता है और फिर बिना किसी वैध कारण के इसे वापस करने का अनुरोध करता है? क्या मुझे पैसा वापस ट्रांसफर कर देना चाहिए?**

भुगतान करना और फिर बिना किसी वैध कारण के इसे वापस करने का अनुरोध करना मनी लॉन्ड्रिंग के प्रयोजन का संकेत हो सकता है। कोई भी भुगतान करने से पहले अपने लाइन मैनेजर से बात करें।

# अंदरूनी व्यापार

## हमारी प्रतिबद्धताएँ

हमारा मानना है कि सभी व्यापार निष्पक्ष और नैतिक रूप से किए जाने चाहिए। कर्मचारियों या कंपनियों द्वारा अंदर की जानकारी का उपयोग इससे प्रभावित शेयरों में सौदे करके या दूसरों के साथ अंदर की जानकारी साझा करके अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

Halma और इसकी कंपनियां ऐसे सभी कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनके माध्यम से अंदर की जानकारी और ऐसी जानकारी के आधार पर शेयरों में लेन-देन पर प्रतिबंधों का नियंत्रण किया जा सके।

## आपकी भूमिका और जिम्मेदारियाँ

- जानें कि अंदर की जानकारी क्या होती है;
- अंदर की जानकारी के आधार पर शेयरों में सौदे न करें (इनमें न केवल Halma के शेयर बल्कि किसी भी सार्वजनिक कंपनी के शेयर भी शामिल हैं);
- Halma के अंदर या बाहर परिवार के सदस्यों, दोस्तों या किसी के साथ अंदर की जानकारी साझा न करें जब तक कि आपके पास पूर्व लिखित अनुमति न हो;
- झूठी सूचना फैलाने सहित सूचीबद्ध प्रतिभूतियों की क़ीमत में हेरफेर करने के इरादे से होने वाली किसी भी गतिविधि में शामिल न हों; और
- यदि आप पीडीएमआर या प्रतिबंधित व्यक्ति हैं (दाईं ओर के बॉक्स में व्याख्या देखें) तो सुनिश्चित करें कि आप Halma के शेयर डीलिंग कोड का पालन करते हैं। यदि आपको इस बारे में संदेह है कि आप पीडीएमआर हैं या प्रतिबंधित व्यक्ति हैं तो कृपया अपने लाइन मैनेजर से संपर्क करें या मार्गदर्शन के लिए Halma का शेयर डीलिंग कोड देखें।

**अंदर की जानकारी क्या होती है?**

किसी कंपनी या कंपनी की प्रतिभूतियों से संबंधित जानकारी, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, जिसका कंपनी की प्रतिभूतियों की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है और जिसका कोई निवेशक अपने निवेश निर्णय के आधार के रूप में उपयोग कर सकता/सकती है।

उदाहरणार्थ यह जानकारी: प्रस्तावित विलीनीकरण या अधिग्रहण, नए उत्पाद या सेवाएं, भविष्य की कमाई या नुकसान का अनुमान, कार्यकारी नेतृत्व टीम में परिवर्तन और संभावित या मौजूदा कानूनी कार्यवाही।

**पीडीएमआर या प्रतिबंधित व्यक्ति क्या है?**

पीडीएमआर एक ऐसा/ऐसी व्यक्ति है जो प्रबंधकीय जिम्मेदारियों से मुक्त हुआ/हुई है जैसे Halma plc का/की डायरेक्टर, Halma plc के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य, या कोई अन्य व्यक्ति जिसे बताया गया है कि वे पीडीएमआर हैं।

प्रतिबंधित व्यक्ति ऐसा/ऐसी व्यक्ति है जो पीडीएमआर है या जो निम्नलिखित श्रेणियों में आता/आती है: (i) जो पीडीएमआर का/की निजी या कार्यकारी सहायक है; (ii) जिसकी Halma plc के वित्तीय परिणामों तक पहुंच है या जो वार्षिक/छमाही रिपोर्ट पर काम करता/करती है; (iii) जो Halma plc में किसी कार्य या विभाग का/की प्रमुख है; या (iv) जो एक मंडल मुख्य कार्यकारी अधिकारी या अन्य सेक्टर बोर्ड का/की सदस्य है।

**यदि मैं Halma में अपनी भूमिका छोड़ दूं तो क्या मुझे किसी संभावित एम एंड ए लक्ष्य के बारे में जानकारी साझा करने की अनुमति है, जिस पर मैं जाने से पहले काम कर रहा था/रही थी?**

**नहीं**, अंदर की जानकारी साझा करने से संबंधित नियम आप पर तब भी लागू होते रहेंगे भले ही आप Halma के कर्मचारी नहीं रहें।

## Halma की आचार संहिता

मैं स्वीकार करता/करती हूं कि मैंने Halma की आचार संहिता (2023) की एक प्रति प्राप्त की है और पढ़ी है।

मैं नैतिक व्यावसायिक गतिविधि के लिए Halma की प्रतिबद्धता को सूचित करने के एक तरीके के रूप में इस संहिता के महत्व को समझता/समझती हूं और हर समय इस संहिता की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए सहमत हूं।

**नाम**

---

**कंपनी**

---

**पद**

---

**हस्ताक्षर**

---

**तारीख**

---

Halma

Misbourne Court
Rectory Way
Amersham
Bucks HP7 0DE
United Kingdom

टेलीफोन +44 (0)1494 721111
वेब www.halma.com